यूटीयू में कल जुटेंगे 14 विश्वविद्यालयों के कुलपति

जागरण संवाददाता, देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि (यूटीयू) में बुधवार को सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 11 सरकारी और तीन निजी विश्वविद्यालय के कुलपति आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस व सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग की लेंगे जानकारी प्राप्त करेंगे। सेमिनार के मुख्य अतिथि राज्यपाल लेफ्टीनेंट जरनल गुरमीत सिंह (सेनि.) होंगे। साथ ही राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) के पूर्व निदेशक प्रो. एएन राय विशिष्ट अतिथि होंगे। यूटीयू के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने बताया कि वर्तमान परिवेश में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के सतत रूप में शैक्षणिक कार्यों में उपयोग से भविष्य में बड़े बदलाव स्वत: आएंगे जिसे सभी विश्विद्यालयों को सुनियोजित कार्यशैली व निजी बनाकर अपनी प्रतिक्रियाओं को छात्र केंद्रित बनाए रखना बड़ी चुनौती होगी।